कार्यालय प्रबन्ध निदेशक
कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0
कानपुर

पत्रांकः– 177 / प्र0नि0 / केसीटीएसएल / सं.परि. / आबद्धी. / 2018 दिनांकः– 04.07.2018

कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0, कानपुर संविदा परिचालक आबद्धीकरण हेतु विस्तृत विवरण

कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0 कानपुर के अन्तर्गत संचालित होने वाली नगरीय बसो मे 265 संविदा परिचालक(अनारक्षित वर्ग / अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति एवं अनु0जनजाति) पदो पर अनुबन्ध / संविदा के आधार पर आबद्धीकरण आबद्धीकरण किया जाना है। इस हेतु आनलाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक 07.07.2018 को समय प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 15.07.2018 को सायं 17.00 बजे तक किया जा सकता है। इसके उपरान्त आनलाईन रजिस्ट्रेशन बन्द हो जायेगा तथा उक्त दिनांक 07.07.2018 को प्रातः 10.00 बजे से पूर्व प्राप्त हुए तथा दिनांक 15.07.2018 को सायं 17.00 बजे के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जायेगा। संविदा परिचालको की रिक्तियो का विवरण निम्नवत है :–

1– रिक्तियो का विवरण –

| इकाई | अनारक्षित वर्ग | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | कुल रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| केसीटीएसएल, कानपुर | 132 | 72 | 56 | 05 | 265 |

2– आयु सीमा –

अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 30.06.2018 को, न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40वर्ष(आरक्षित वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष) होनी चाहियें, एवं भूतपूर्व सैनिको को आयु सीमा मे उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार छूट दी जायेगी।

3– योग्यताएँ –

अभ्यर्थी को कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ–साथ बिन्दु–4 मे उल्लिखित कम से कम एक श्रोत की योग्यता रखना / प्रमाण पत्र प्राप्त होना अनिवार्य है :–

4– श्रोत –

(1) परिवहन निगम, कानपुर क्षेत्र एवं केन्द्रीय कार्यशाला तथा डा.राम मनोहर लोहिया कार्यशाला कानपुर के मृतक आश्रित / संविदा कर्मचारियो के आश्रित को निर्धारित योग्यतानुसार।
(2) पी.आर.डी. के स्वयं सेवक(मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से आवेदन करेंगे)।
(3) होमगार्ड्स ।
(4) उ0 प्र0 परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी(जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो)।
(5) भूतपूर्व सैनिक।
(6) अर्द्धसैनिक बलो के सेवानिवृत्त कर्मचारी।
(7) समस्त सरकारी / निगमो के सेवानिवृत्त एवं छटनीशुदा कर्मचारी(जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो)।
(8) एन0सी0सी0 के "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त अभ्यर्थी।

(9) इन्टरमीडियट परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने भारत स्काउट्स एवं गाईड संस्था से तृतीय सोपान/राज्य पुरस्कार अथवा राष्ट्रपति पुरस्कार के प्रमाण पत्र प्राप्त किये हो, अथवा रोवर/रेन्जर की निपुणता प्राप्त की हो।

यदि उपरोक्तानुसार 09 श्रोतो मे से संविदा परिचालक के रूप मे आबद्ध किये जाने हेतु पर्याप्त संख्या मे अभ्यर्थी नही मिलते है तो निम्न 02 अन्य श्रोतो से भी संविदा परिचालको को आबद्ध किये जाने की कार्यवाही की जायेगी :–

(10) प्रथम श्रेणी(60 प्रतिशत अथवा इससे अधिक प्राप्तांक वाले) मे इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने केन्द्र सरकार/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानो से "ए" लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्राप्त किया हो।

(11) इन्टरमीडियट परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने केन्द्र/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थाओ से आई.टी.आई. का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया हों।

5– **आवेदन करने की प्रकिया व आवेदन शुल्क** –

आनलाईन/आफलाईन आवेदन हेतु देय आवेदन शुल्क का विवरण निम्नवत है :–

| कमांक | वर्ग/श्रोत | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग | रू0 200/– |
| 2 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति | रू0 100/– |
| | उ.प्र.रा.स.परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी/मृतक आश्रित | निःशुल्क |

(1) अभ्यर्थी परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com मे Samvida Conductor पर क्लिक करें।

(2) आनलाईन आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरने के उपरान्त, आनलाईन आवेदन के लिये आवेदन शुल्क केडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग के माध्यम से जमा किया जा सकता है, इसके पश्चात् रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो जायेगा।

(3) आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियो को, जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

6– **चयन का मापदण्ड** –

(1) निर्धारित समयावधि के अन्दर आनलाईन से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो से अभ्यर्थियो का चयन इण्टरमीडियट मे प्राप्त प्राप्तांको के आधार पर मेरिट बनाते हुये किया जायेगा अर्थात् यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा इण्टरमीडियट परीक्षा मे 64 प्रतिशत अंक प्राप्त किये गये है, तो मेरिट हेतु उसे 64 अंक प्राप्त होगें। बराबर परीक्षा प्राप्तांक प्रतिशत पाने की दशा मे जिन अभ्यर्थियो की उम्र अधिक है, उन्ही को वरिष्ठ माना जायेगा।

(2) मेरिट सूची वर्ग/आरक्षणवार अलग–अलग तैयार की जायेगी। इसी सूची के आधार पर कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0 कानपुर मे रिक्तियो के अनुसार संविदा पर परिचालक के आबद्धीकरण की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।

(3) अभ्यर्थी द्वारा आनलाईन आवेदन पत्र के समय संलग्न किये गये प्रमाण पत्रो की स्व–प्रमाणित एवं मूल प्रति इत्यादि अभिलेख अभ्यर्थी को बुलाये जाने पर प्रबन्ध निदेशक, कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0 कानपुर/गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(4) अभिलेखो की जॉच के उपरान्त उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियो को नियमानुसार संविदा पर परिचालक का कार्य करने हेतु अनुबन्ध के आधार पर आबद्ध किया जायेगा।

(5) पी.आर.डी. स्वयं सेवको द्वारा संलग्न प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित जिले के मुख्य विकास अधिकारी से कराने एवं सत्य पाये जाने के उपरान्त ही संविदा परिचालक के पद पर आबद्ध किया जायेगा।

(6) उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियो से कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0 कानपुर द्वारा संविदा परिचालक पद पर कार्य करने हेतु 11 माह का अनुबन्ध किया जायेगा। कार्य एवं आचरण अच्छा पाये जाने पर पुनः 11 माह हेतु अनुबन्ध विस्तारित किया जा सकता है।

(7) उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियो को, कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0 कानपुर के डिपो मे आबद्ध किया जायेगा।

(8) उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थी को 15 दिन का अवैतनिक प्रशिक्षण डिपो स्तर पर दिया जायेगा।

(9) आबद्ध किये गये अभ्यर्थियो को रू0 10,000/–(दस हजार मात्र) प्रतिभूति राशि के रूप मे कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0, कानपुर के कोष मे जमा करने होगें।

(10) आबद्ध किये गये संविदा परिचालको को, प्रति कि0मी0 निर्धारित दरो के अनुसार देय धनराशि का भुगतान किया जायेगा तथा समय–समय पर अनुमन्य प्रोत्साहन आदि का भी भुगतान किया जायेगा।

(11) स्वास्थ्य परीक्षण, पुलिस/चरित्र सत्यापन एवं प्रस्तुत किये गये समस्त अभिलेखो को संबंधित संस्था/इकाई से सत्यापन कराये जाने पर यदि प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त होती है तो जमा की गई प्रतिभूति राशि जब्त करते हुए अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा तथा संबंधित के विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जायेगी।

(12) परिवहन निगम से सेवा से पृथक किये जा चुके या किसी कदाचार के कारण संविदा से हटाये गये कार्मिक इस आबद्धीकरण हेतु अर्ह नही होगें। अनुबन्ध के समय अभ्यर्थी को इस आशय का विधिमान्य शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

04.07.18
( अतुल जैन )
प्रबन्ध निदेशक
के.सी.टी.एस.एल.

कार्यालय प्रबन्ध निदेशक
कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0
कानपुर

पत्रांकः– 178 / प्र0नि0 / केसीटीएसएल / सं.परि. / आबद्वी. / 2018 दिनांकः– 04.07.2018

## प्रेस विज्ञप्ति

कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लि0, कानपुर मे अनुबन्ध के आधार पर 265 संविदा परिचालको (अनारक्षित वर्ग / अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) के आबद्वीकरण हेतु आनलाईन www.upsrtc.com पर इन्टरमीडियट उत्तीर्ण एवं 11 श्रोत / प्रमाण पत्र प्राप्त(सूची वेबसाइट पर उपलब्ध) अभ्यर्थियो से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आनलाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक 07.07.2018 को समय प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ होकर दिनांक 15.07.2018. को सायं 17.00 बजे तक करना अनिवार्य होगा।

विस्तृत विवरण परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com तथा प्रबन्ध निदेशक, केसीटीएसएल, कानपुर / क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय उ0प्र0रा0स0परिवहन निगम कानपुर, फजलगंज डिपो(केसीटीएसएल) कानपुर तथा परिवहन निगम कानपुर क्षेत्र के समस्त डिपोज एवं बस स्टेशनो के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

( अतुल जैन )
प्रबन्ध निदेशक

समसंख्यक / समदिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस कार्यालय के पत्रांक–177 दिनांक 04.07.2018 जिसमे उक्त आबद्वीकरण के संबंध मे विस्तृत विवरण उपलब्ध है, की प्रति अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है :–

1– निदेशक, नगरीय परिवहन निदेशालय, 7वॉ तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

2– मण्डलायुक्त / अध्यक्ष महोदय, के.सी.टी.एस.एल. कानपुर।

3– प्रधान प्रबन्धक(आई.टी.) परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ को इस कार्यालय के पत्र संख्या–171 दिनांक 28.06.2018 के तारतम्य मे सूचनार्थ एवं इस आशय से कि केसीटीएसएल, कानपुर मे संविदा पर परिचालको के आनलाईन आबद्वीकरण हेतु मेसर्स आयुषी कम्प्यूटर्स, बी–112,सरस्वती मार्ग, बजाज नगर, जयपुर के साथ अनुबन्ध की कार्यवाही निष्पादित की गई है, इनके साफ्टवेयर को निगम मुख्यालय के सर्वर से लिंक कराने हेतु अपने स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करते हुये आवश्यक यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4– स्थानीय सम्पादक, अमर उजाला समाचार पत्र, कानपुर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति कानपुर नगर / देहात, उन्नाव एवं फतेहपुर के संस्करण मे दिनांक 06.07.2018 को प्रकाशित होने वाले अपने समाचार पत्र मे, नियमानुसार निर्धारित दरो पर अधिकतम छूट के साथ प्रकाशित कराते हुए बिल भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5– समस्त सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उ0 प्र0 परिवहन निगम कानपुर क्षेत्र एवं केसीटीएसएल, फजलगंज डिपो को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति आप अपने बस स्टेशनो / डिपो के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराकर व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

6– मेसर्स आयुषी कम्प्यूटर्स, बी–112, सरस्वती मार्ग, बजाजनगर, जयपुर को सूचनार्थ एवं.इस आशय से कि उपरोक्तानुसार तथा संलग्न पत्र मे वर्णित निर्देशो को अपनी वेबसाईट तथा परिवहन निगम की वेबसाईट पर लोड करने के साथ आनलाईन आवेदन पत्रो के संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

7– नोटिस बोर्ड प्रबन्ध निदेशक, केसीटीएसएल कानपुर एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, कानपुर।

संलग्नकः–पत्रांक–177 दिनांक 04.07.2018 की प्रति।

04.07.18

( अतुल जैन )
प्रबन्ध निदेशक